आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एनडीए एक भारत श्रेष्ठ भारत चाहता है जबकि इंडी गठबंधन देश के विभाजन में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि भाजपा और रालोद गठबंधन की सरकार में किसानों, नौजवानों और व्यापारियों सहित सभी वर्गों के हित में कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आज मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा सीट के लिये आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद अपराध और अपराधी दोनों गायब हो गये हैं, जिसके चलते सुशासन स्थापित हुआ है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित किया। वहां उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही ढाई लाख सरकारी नौकरी लेकर आ रही है। इससे रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और प्रदेश का विकास होगा।

****

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज कानपुर नगर में पांच दिवसीय रूटक्रॉफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। हस्त उत्पाद और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज बड़ी संख्या में गांव और शहर की महिलायें हस्त उत्पादों का निर्माण कर अपनी आजीविका चला रहीं हैं। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया।

****

केन्द्रीय ऊर्जा आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में सामान्य पूल आवासीय परिसर आकांक्षा का उद्घाटन किया। यह परिसर लखनऊ के जानकीपुरम क्षेत्र में स्थित है। चंडीगढ़ से कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि आवासों का निर्माण ग्यारह दशमलव आठ पांच एकड़ में हुआ है। उन्होंने बताया कि परिसर को बनाने के लिए तैंतीस दशमलव पांच करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी। परिसर में विभिन्न श्रेणियों के एक सौ पन्द्रह आवास बनाए गए हैं।

****

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि सिंह ने बताया कि इस आयोजन का लक्ष्य राज्य की महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये मंच प्रदान करना है।

****

सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। व्रती श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद वितरित किए और अपना व्रत पूर्ण किया। छठ पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। आज तड़के भारी संख्या में श्रद्धालु, नदियों, सरोवरो और छठ पर्व के लिए बनाए गये अस्थायी पोखरो के किनारे उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंच गये और जैसे ही सूर्योदय की लालिमा बिखरी लोगों ने जल अर्पित कर अपनी छठ पूजा को सम्पूर्णता दी।

****

भारतीय रेलवे की ओर से छठ पूजा के मद्देनज़र ग्यारह नवम्बर तक प्रतिदिन एक सौ पैंसठ विशेष रेलगाड़ियां चलायी जा रही हैं। इनमें अधिकांश रेलगाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के रूट से चलनी है, जबकि चौंतीस गाड़ियां उत्तर मध्य रेलवे मंडल से गुजरेंगी। इस क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे उत्तर प्रदेश से कई विशेष गाड़ियों का संचालन कर रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से गोरखपुर से अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, सियालदह, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, पुणे, नारंगी, चंडीगढ़, जोधपुर के लिये चलाई जायेंगी। वहीं गाजीपुर सिटी से उधना के लिये विशेष गाड़ी का संचालन किया जायेगा और आनन्द विहार टर्मिनल से मऊ के लिये विशेष ट्रेन चलाई जायेगी।

****

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास–एनबीटी कल से सत्रह नवंबर तक लखनऊ के गोमती रिवरफ्रंट पार्क में गोमती बुक फ़ेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। इसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि इस मेले में पाठकों को नई–नई पुस्तकें खरीदने का मौका मिलेगा। इसके अलावा चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन भी किया जायेगा।

****

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अयोध्या में आने वाले भक्तों को भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास की संघर्ष गाथा थ्री डी वीडियो क्लिप के जरिये दिखायी जा रही है। नौ मिनट की इस संघर्ष गाथा को दिखाने के लिये हनुमानगढ़ी के पास राजद्वार पार्क में दुर्लभ दर्शन केन्द्र की स्थापना की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए वहां के मण्डलायुक्त ने बताया है कि रामलला के दर्शन के लिये अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी गाथाओं से जोड़ने का प्रयास शुरू किया गया है।

****